राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक

पुरातत्त्वाचार्य जिनविजय मुनि

(सम्मान्य संचालक, राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर)

ग्रन्थाङ्क 27

राजस्थानी साहित्य - संग्रह

भाग-1

(खीची गंगेव नींबावत रो दो-पहरो, राजान राउतरो वात-वणाव आदि)

सम्पादक

पं. नरोत्तमदासजी स्वामी, एम.ए.

(अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, महाराणा भूपाल कॉलेज, उदयपुर)

प्रकाशक

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर (राज.)

Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur

द्वितीयावृत्ति **1997** मूल्य : 43.00

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक

पुरातत्त्वाचार्य जिनविजय मुनि

(सम्मान्य संचालक, राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर)

ग्रन्थाङ्क : 27

राजस्थानी साहित्य - संग्रह

भाग-1

(खीची गंगेव नींबावत रो दो-पहरो, राजान राउतरो वात-वणाव आदि)

सम्पादक

पं. नरोत्तमदासजी स्वामी, एम.ए.

(अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, महाराणा भूपाल कॉलेज, उदयपुर)

प्रकाशक

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur

द्वितीयावृत्ति 1997 मूल्य : 43.00

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिल भारतीय तथा विशेषतः राजस्थानप्रदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी आदि भाषा-निबद्ध
विविध वाङ्मय प्रकाशिनी विशिष्ट ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक

पुरातत्त्वाचार्य जिनविजय मुनि

ग्रन्थाङ्क : 27

राजस्थानी साहित्य - संग्रह

भाग-1

सम्पादक

पं. नरोत्तमदासजी स्वामी

प्रकाशक

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur

प्रथमावृत्ति : 1957

द्वितीयावृत्ति : 1997 **मूल्य : 43.00**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रधान सम्पादकीय

संस्कृत साहित्य में गद्यलेखन की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। दण्डी का दशकुमार चरित, सुबन्धु की वासवदत्ता, कादम्बरी एवं हर्ष चरित्र प्राचीन गद्य के निदर्शनरूप में उपस्थापित किये जाते हैं। हिन्दी भाषा में गद्य काव्य की परम्परा सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से मिलती है। हालांकि राजस्थानी एवं गुजराती गद्य काव्य इससे पूर्व के भी मिलते हैं।

प्रस्तुत प्रकाशन में प्राचीन राजस्थानी की तीन गद्य रचनायें क्रमशः—(1) खीची गंगेव नींबावत रो दोपहरो; (2) रामदास वैरावत री आखड़ी री बात; (3) राजान-राउतरो बात-बणाव, पुनर्मुद्रण रूप में पुनः प्रस्तुत की जा रही है। आशा है राजस्थानी साहित्य एवं संस्कृति में रुचि रखने वाले अध्येताओं हेतु यह उपादेय सिद्ध होंगी।

आनन्द कुमार
आर.ए.एस.
निदेशक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रधान सम्पादकीय वक्तव्य

प्राचीन भारतीय साहित्य में पद्य के साथ गद्य का भी यथोचित रूप में प्रयोग किया गया है। वेदों, जैनागमों, संस्कृत नाटकों और कथा-ग्रन्थों आदि में गद्य की छटा विशेष द्रष्टव्य है। संस्कृत-साहित्य में पंचतंत्र, कथासरित्सागर, दशकुमारचरित्, शुकबहुत्तरी सिंहासनबत्तीसी, बैतालपच्चीसी आदि भी गद्य के अनूठे उदाहरण हैं। राजस्थानी भाषा में भी गद्य-साहित्य का निर्माण विशेष रूप में हुआ है। हजारों की संख्या में ऐतिहासिक ख्यातें, वार्ताएं और वचनिकाएं आदि लिखी गई हैं, जिनमें मुख्यतः राजस्थानी गद्य का व्यवहार किया गया है। साथ ही संस्कृत के गद्य-ग्रन्थों के अनुवाद भी प्रचुर मात्रा में राजस्थानी भाषा में किये गये हैं।

राजस्थानी वार्ताओं में राजस्थानी संस्कृति का बड़ा ही अनूठा चित्रण किया गया है। इन वार्ताओं में राजस्थानी जनता की दिनचर्या, हाट, उपवन, घर-प्राङ्गण, उत्सव, युद्ध, क्रीड़ा आदि का विस्तृत और सजीव वर्णन मिलता है। राजस्थान और बाहर के ग्रन्थ-भण्डारों में राजस्थानी वार्ताओं के छोटे-बड़े कई संग्रह मिलते हैं। राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर (Rajasthan Oriental Research Institute) के संग्रहालय में भी ऐसी वार्ताओं के कई हस्तलिखित ग्रन्थ प्राप्त हुए हैं जिनको यथाशक्य शीघ्र ही सुसम्पादित रूप में प्रकाशित किया जावेगा।

प्रस्तुत संग्रह में तीन वर्णनात्मक राजस्थानी वार्ताओं को प्रकाशित किया जा रहा है। इन वार्ताओं में आदर्श राजपूतों की दिनचर्या का विस्तृत वर्णन मिलता है जिससे राजस्थानी संस्कृति के कई अंगों पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है। वार्ताओं का सम्पादन राजस्थान के प्रसिद्ध विद्वान् श्री नरोत्तमदासजी स्वामी द्वारा हुआ है और प्रारम्भ में राजस्थान के प्रसिद्ध अन्वेषक श्री अगरचन्दजी नाहटा के दो निबन्ध भी सम्बन्धित विषय पर प्रकाशित किये गये हैं जिनसे पुस्तक की उपयोगिता बढ़ गई है।

मुनि जिनविजय
सम्मान्य संचालक
राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर

जयपुर
ता० १० अगस्त, १९५६ ई०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान-सम्पादक
पुरातत्त्वाचार्य मुनि श्री जिनविजय
[भू० पू० सम्मान्य संचालक, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थांक २७

[राजस्थानी-हिन्दी साहित्य-श्रेणी]

राजस्थानी साहित्य-संग्रह

भाग १

(खीची गंगेव नींबावत रो दो-पहरो, राजांन राउतरो वात-वणाव आदि)



सम्पादक
पं० नरोत्तमदासजी स्वामी एम. ए.

प्रकाशक
राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर (राज०)
Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur.

1995-96

द्वितीयावृत्ति 500 **मूल्य रु०** 50.00

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान-सम्पादक

पुरातत्त्वाचार्य मुनि श्री जिनविजय

[भू० पू० सम्मान्य संचालक, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थांक २७

[राजस्थानी-हिन्दी साहित्य-श्रेणी]

राजस्थानी साहित्य-संग्रह

भाग १

(खीची गंगेव नींबावत रो दो-पहरो, राजांन राउतरो वात-वणाव आदि)

सम्पादक

पं० नरोत्तमदासजी स्वामी एम. ए.



प्रकाशक

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर (राज०)

Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur.

1995-96

द्वितीयावृत्ति 500 मूल्य रु० 50.00

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिल भारतीय तथा विशेषतः राजस्थान प्रदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी आदि भाषा-निबद्ध
विविध वाङ्मय प्रकाशिनी विशिष्ट ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक
पुरातत्त्वाचार्य मुनि श्री जिनविजय

ग्रन्थांक २७

प्रथमावृत्ति ७५०; सन् १९५७

प्रकाशक
राजस्थान राज्य संस्थापित
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर (राज०)

वि० सं० २०१० × ई० सन् १९८४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निवेदन

प्रस्तुत ग्रन्थ में प्राचीन राजस्थानी साहित्य की तीन महत्वपूर्ण रचनाओं का संग्रह किया गया है। इनमें प्रथम दो अर्थात् खीची गंगेव नींबावतरो दोपहरो और रामदास वैरावतरी आख-ड़ीरी वात बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय रचनायें रही हैं और राजस्थानी कहानी-संग्रहों में स्थान-स्थान पर उनकी प्रतियां मिलती हैं।

'खीची गंगेव नींबावतरो दोपहरो' एक सुन्दर गद्य-काव्य है जिसके काव्यमय वर्णनों की छटा निराली है और सहृदय को प्रभावित किये बिना नहीं रह सकती। इसमें खीची-वंशीय नींबा के पुत्र गंगेव या गंगा की और उसके साथियों की एक दिन की दिनचर्या का वर्णन है। दुपहर का वर्णन प्रधान होने से इसका नाम दोपहरो या बे-पहरो है। उत्तर-मध्यकालीन राजपूत सामंत के जीवन और रहन-सहन पर इससे अच्छा प्रकाश पड़ता है।

दूसरी रचना में मारवाड़ के राव रिड़मल (रणमल) के पुत्र वैरा के पुत्र रामदास राठौड़ का वर्णन है। रामदास अपने समय में नामी वीर हुआ। इस 'वात' में उसके १९ विरुदों और ८४ आखड़ियों का उल्लेख किया गया है। अन्त में उसके पराक्रम की एक कथा भी दी गई है। 'आखड़ी' का अभिपाय 'न करने की मानता' (मनौती) से अथवा शपथ या सौगन्ध से है। रामदास ने इन चौरासी बातों के न करने की मानता ले रखी थी। इन विरुदों तथा आखड़ियों से राजपूती जीवन के आदर्श का चित्र खड़ा हो जाता है।

तीसरी रचना 'राजान-राउतरो वात-वणाव' में विविध प्रकार के विविध अवसरोपयोगी वर्णनों का विस्तृत संग्रह है। कथाओं के कहने वाले (और लेखक) कथा कहते समय स्थान-स्थान पर ऐसे वर्णनों का उपयोग करते आये हैं। जैनों के प्राचीन आगम ग्रन्थो में इस प्रकार के सुन्दर वर्णन आये हैं। मैथिल विद्वान् ज्योतिरीश्वर ने पंद्रहवीं शताब्दी में वर्ण-रत्नाकर नामक ग्रन्थ की रचना की जिसमें कथा के विविध प्रसंगों और अवसरों के वर्णन संगृहीत हैं। संस्कृत के कवि-शिक्षा नामक ग्रन्थ में भी काव्य के विविध प्रसंगों और विषयों के वर्णन में किन-किन बातों का वर्णन करना चाहिए यह बताया गया है। राजस्थानी में वाग्विलास नाम से अनेक संग्रह अथवा कथाकाव्य तैयार हुए जिनमें विविध प्रसंगों और विविध अवसरों के वर्णनों को संकलित किया गया। जिन-माणिक्य सूरि का पृथ्वीचंद्र चरित्र अपर नाम वाग्विलास (संवत् १४७० के लगभग) इस प्रकार का सुन्दर कथा-काव्य है जिसके विविध वर्णन बड़े ही भावपूर्ण हैं। 'वात-वणाव' उसी परंपरा की रचना है। रचना प्राचीन नहीं है, पर वर्णन प्राचीन है। ऋतु-वर्णन में महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ की 'क्रिमन-रुकमणीरी वेलि' का प्रभाव है, वह वेलि के पद्यों का गद्यानुवाद-सा ही जान पड़ता है। 'दोपहरो' के वर्णनों के साथ भी उसका पर्याप्त साम्य है।

इस 'वात-वणाव' के वर्णन-संग्रह में उक्त अन्यान्य ग्रन्थों के वर्णन-संग्रहों से एक विशेषता है। उन ग्रन्थों में जहां वर्णनों का केवल संग्रह-मात्र है वहां 'वात-वणाव' में उनको एक क्रमबद्ध कथा के रूप में ग्रथित कर दिया गया है, जिससे यह केवल वर्णनों का संग्रह न रह कर एक सुन्दर कथा-काव्य बन गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'दोपहरो' का संपादन बहुत वर्ष पूर्व बीकानेर के अनूप-संस्कृत पुस्तकालय के एक कहानी संग्रह की प्रति के आधार पर किया गया था। बाद में दूसरी प्रतियां भी देखने में आई और उनमें यत्र-तत्र पाठभेद भी दिखाई पड़े पर उन पाठभेदों को संगृहीत करने का अवसर नहीं आया। इसी प्रकार 'वात-वणाव' का संपादन अपने संग्रह की प्रति के आधार पर करना आरंभ किया था। पर यह कार्य दो-ही-चार पृष्ठों तक बढ़ सका। मेरे प्रिय शिष्य दीनानाथ खत्री एम. ए. ने जो उन दिनों अनूप संस्कृत पुस्तकालय में राजस्थानी-असिस्टेंट का कार्य कर रहे थे, इसके बाकी अंश की प्रतिलिपि तैयार कर डाली। जब मुनि श्रीजिनविजयजी महाराज बीकानेर पधारे तो उन्होंने इन रचनाओं को देखा और इनको राजस्थान पुरातत्व-मंदिर-ग्रन्थमाला में प्रकाशित करने के लिये मांग लिया। 'वैरावत रामदासरी आखड़ीरी वात' की प्रतिलिपि श्री अगरचंद नाहटा ने अपने संग्रहालय की एक हस्तलिखित प्रति से तैयार करवायी थी।

'दोपहरो' और 'आखड़ी' की प्रतियां कई स्थानों पर मिलती हैं तथा 'वात वणाव' की एक अन्य प्रति भी राजस्थान-पुरातत्व-मंदिर के संग्रह में बाद में निकल आई। अच्छा होता कि इन रचनाओं को प्राप्य प्रतियों के आधार पर संपादित करके पाठ-भेदों के साथ प्रकाशित किया जाता। पर यह कार्य समय-सापेक्ष था और उधर पुरातत्व मंदिर का आर्थिक वर्ष समाप्त हो रहा था। इसलिये यही उचित समझा गया कि रचनाएं जिस रूप में हैं उसी रूप में अभी छाप दी जायं जिससे राजस्थानी साहित्य के ये विविध रूप एक बार साहित्य-प्रेमियों के सामने आ जायं।

राजस्थानी गद्यकाव्यों और वर्णन-संग्रहों की परंपरा का संक्षिप्त परिचय कराने के लिये राजस्थान के सुप्रसिद्ध शोधकर्ता विद्वान् श्री अगरचंद नाहटा के दो निबंधों को उद्धृत किया जा रहा है। इनको उद्धृत करने की अनुमति देने के लिये मैं श्रीनाहटाजी का अत्यंत आभारी हूं।

—नरोत्तमदास स्वामी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थानी गद्यकाव्य की परम्परा

भारतीय प्राचीन ग्रन्थों में कवि की कृति को काव्य माना गया है और कवि को क्रान्तदर्शी मेधावी और पंडित कहा गया है। पीछे से 'कवि' शब्द छन्दोबद्ध रचना करने वाले विद्वानों के लिए रूढ़ हो गया और छन्दोबद्ध रचना 'काव्य' के नाम से सम्बोधित की जाने लगी। प्राचीन विद्वानों ने 'काव्य' शब्द की व्याख्या भिन्न-भिन्न प्रकार से की है। भामह और रूद्रट ने "शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्","शब्दार्थौ काव्यम्" अर्थात् शब्द और अर्थ मिल कर काव्य होता है, ऐसा कहा है। किसी विद्वान् ने अलंकारयुक्त शब्द और अर्थ को ही काव्य माना है। विश्वनाथ कविराज ने "वाक्यं रसात्मकं काव्यम्" काव्य का लक्षण बताया है अर्थात् रसात्मक वाक्य ही काव्य है। मुझे यह व्याख्या बहुत ही उपयुक्त और सुन्दर लगती है। काव्य के दृश्य और श्रव्य, दो प्रधान भेद हैं। नाटकों को दृश्य-काव्य कहा जाता है और श्रव्य-काव्य के गद्य, पद्य और मिश्र ये तीन भेद किये गये हैं। पद्यकाव्य छन्दोबद्ध होता है और उसके महाकाव्य, खण्डकाव्य और कोषकाव्य ये तीन भेद माने गये हैं। महाकाव्य और खण्डकाव्य तो प्रसिद्ध ही हैं। कोषकाव्य में स्तोत्र और सुभाषित संग्रह को माना गया है। गद्यकाव्य में छन्द का बन्धन नहीं रहता, अन्य सब काव्य-गुण पाये जाते हैं। वामन ने गद्य तीन प्रकार का बताया है–वृत्तगन्धि, उत्कलिकाप्रायः और चूर्णक। साहित्य-दर्पण-कार ने मुक्तक नामक चौथा भेद भी माना है। जिस गद्य में किसी छन्द के पाद व पादार्ध मिलते हैं उसे वृत्तगन्धि, लम्बे-लम्बे समास वाले गद्य को उत्कलिकाप्रायः, छोटे-छोटे समस्तपदयुक्त गद्य को चूर्णक और समस्त पदों के अभाव वाले गद्य को मुक्तक के नाम से सम्बोधित किया गया है।

गद्य-काव्य के, कथा और आख्यायिका, दो भेद भी हैं। कादम्बरी को कथा व हर्षचरित्र को आख्यायिका के नाम से सम्बोधित किया गया है। मिश्रकाव्य में गद्य और पद्य का मिश्रण होता है। इसके चम्पू, विरुद और करम्भक, ये तीन भेद हैं। वर्णनात्मक मिश्रकाव्य को चम्पू, गद्य और पद्य में की गयी राजस्तुति को विरुद एवं अनेक भाषा-युक्त मिश्रकाव्य को करम्भक की संज्ञा दी गयी है। गद्य की अपेक्षा पद्य सरलता से कंठस्थ हो सकता है और अधिक समय तक स्मरण रह सकता है, अतः इसकी उपयोगिता व स्थायित्व अधिक है। इस सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय विद्वानों ने शब्दकोष, वैद्यक, ज्योतिष आदि विषयों के उपयोगी ग्रन्थ पद्यबद्ध ही अधिक बनाये हैं। पद्य में कल्पना की उड़ान, लयसरसता, मनोहरता व श्रवणसुखदता होने से ग्रन्थकारों का ध्यान उस ओर अधिक जाना स्वाभाविक था। इसी आकर्षण के फलस्वरूप भारतीय साहित्य पद्य-रूप में अधिक मिलता है। मुद्रण-युग के प्रसार के साथ-साथ गद्य-साहित्य निरन्तर अभिवृद्धि को प्राप्त हुआ है। पूर्व लोक-भाषाओं में गद्य- रचनाएँ बहुत ही थोड़ी मिलती हैं। हिन्दी भाषा में तो प्राचीन गद्य राजस्थानी और गुजराती भाषा की अपेक्षा भी अल्प है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसा कि ऊपर बताया गया है रसात्मक काव्यगुणोपेत विशिष्ट शब्दसंचयरूप, पर छन्दों के बन्धन से रहित रचना गद्यकाव्य के नाम से अभिहित है। साधारण गद्य को इसमें सम्मिलित नहीं किया जा सकता। गद्य होते हुए भी जिसके पढ़ने और सुनने में पद्य का-सा आनन्द या रस मिले वही गद्यकाव्य है।

भारतीय साहित्य में गद्यकाव्य का विकास पद्यकाव्य के साथ-साथ ही हुआ प्रतीत होता है, अतः उसकी प्राचीनता पद्य की अपेक्षा कम नहीं है। वेदों मे कहीं-कहीं वाक्य बड़े ही सुन्दर और पद्य का-सा आनन्द देने वाले मिलते हैं। जैनागमों और महाभारत के समय में तो गद्य को व्यवस्थित रूप मिल चुका विदित होता है। भास और कालिदास आदि के नाटकों में गद्यकाव्य की सुन्दर झलक पायी जाती है। प्राकृत भाषा के कई प्राचीन जैन-ग्रन्थों में कहीं-कहीं गद्य-लेखन में शब्द-योजना की सुन्दर छटा देखते बनती है। ईस्वी पूर्व दूसरी से छठी शताब्दी तक के शिला-लेखों के गद्य में भी काव्य का-सा आनन्द मिलता है, जिसे गद्यकाव्य का पूर्वरूप कहा जा सकता है।

गद्यकाव्य की संज्ञा दी जा सके ऐसे ग्रन्थों में दण्डी कवि का दशकुमारचरित सर्वप्रथम है, जिसका समय ईसा की छठी शताब्दी के लगभग का है। इस चरित की भाषा सरल एवं ललित है। इसके पीछे सुबन्धु की वासवदत्ता की कथा आती है। कवि के कथनानुसार इसके प्रति अक्षर में श्लेष है। तत्परवर्ती गद्यकाव्य बाणभट्ट की कादम्बरी और हर्षचरित्र हैं। कादम्बरी विश्व-साहित्य में उल्लेखनीय गद्यकाव्य है। इसकी कथा छोटी-सी, पर वर्णन के विस्तार से वह बहुत विस्तृत हो गयी है अर्थात् उसमें कथा गौण और वर्णन प्रधान है। ऐसा ही अन्य गद्यकाव्य, जिसे इसी के टक्कर का कह सकते हैं, जैन कवि धनपाल की तिलकमंजरी की कथा है। धनपाल महाराजा भोज के सभा-पंडित थे। पुरातत्वाचार्य मुनि जिनविजयजी ने इस तिलकमंजरी के सम्बन्ध में लिखा है- "समस्त संस्कृत साहित्य के अनन्त ग्रन्थ-संग्रह में बाण की कादम्बरी के सिवाय इस कथा की तुलना में खड़ा हो सके, ऐसा कोई दूसरा ग्रन्थ नहीं है। बाण पुरोगामी है, उसकी कादम्बरी की प्रेरणा से ही तिलकमंजरी रची गयी है, पर यह निःसन्देह कहा जा सकता है कि धनपाल की प्रतिभा बाण से चढ़ती हुई न हो तो उतरती हुई भी नहीं है; अतः पुरोगामी ज्येष्ठ बन्धु होने पर भी गुण-धर्म की अपेक्षा दोनों गद्य के महाकवि समान आसन पर बैठाने के योग्य हैं। धनपाल का जीवन भी बाण के जैसा ही गौरवशाली रहा है। इस कथन में तनिक भी अतिशयोक्ति नहीं है।" तिलकमंजरी के बाद गद्यकाव्य के रूप में दिगम्बरजैन कवि वादीभसिंह का गद्यचिन्तामणि ग्रन्थ उल्लेखनीय है। इसके बाद के लगभग चार सौ वर्षों में कोई उल्लेखनीय गद्यकाव्य नहीं है। वैसे फुटकर वर्णन गद्यकाव्य की झलक अवश्य दिखा जाते है। पन्द्रहवीं शताब्दी में बामन भट्ट ने 'वेम भूपाल चरित' नामक गद्यकाव्य बनाया। इसका पद-विन्यास, माधुर्य, सरसालंकार-योजना, विप्रलंभ शृंगार बाण के सदृश माने गये हैं। भाषा सरल और मधुर है। कवि ने अपने लिए 'गद्यकवि सार्वभौम' विशेषण प्रयुक्त किया है।

भारतीय गद्यकाव्य की परम्परा का दिग्दर्शन कराने के लिए ऊपर कुछ संस्कृत गद्यकाव्यों का उल्लेख करना आवश्यक समझा गया। अब मूल विषय पर प्रकाश डाला जाता है।

हिन्दी भाषा में गद्यकाव्य की परम्परा प्राचीन नहीं दिखाई देती। वैसे हिन्दी की गद्य-रचना ही सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से पूर्व की नहीं मिलती। गोरखनाथ की कुछ रचनाएं गद्य में लिखी बतायी जाती हैं। इन रचनाओं की भाषा को तेरहवीं से पन्द्रहवीं शताब्दी के मध्य की माना गया, पर उसके लिए कोई सबल आधार नहीं प्रतीत होता, इन रचनाओं का गोरखनाथ की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृतियाँ होना सम्भव नहीं जान पड़ता। किसी प्रसिद्ध साम्प्रदायिक नेता या मत प्रवर्त्तक के अनुयायी स्वयं ग्रन्थ बना कर नेता के नाम से या मतप्रवर्त्तक के नाम से प्रसिद्ध करते रहते हैं। गोरखनाथ के इन ग्रन्थों की हस्तलिखित प्रतियां अद्यावधि अठारहवीं शताब्दी से पूर्व की प्राप्त नहीं हैं। उनके अन्य पद्य-ग्रन्थों की प्रतियाँ भी अभी तक सत्रहवीं शताब्दी से पहले की मेरे अवलोकन में नहीं आयीं। अतः जब तक उनकी हिन्दी गद्य-रचनाओं की इससे पूर्ववर्त्ती प्राचीन हस्तलिखित प्रतियाँ प्राप्त न हो जाएँ, वल्लभ सम्प्रदाय के प्राचीन ब्रजभाषा के गद्य-ग्रन्थों को ही हिन्दी के प्राचीन गद्य ग्रन्थ कहा जा सकता है। बीकानेर राज्य की अनूप-संस्कृत लाइब्रेरी में 'कुतुबुद्दीन की बात' संवत् १६३३ में लिखित प्राप्त है, जिसका गद्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

हिन्दी की अपेक्षा राजस्थानी और गुजराती गद्य अधिक प्राचीन मिलता है। जैन-भंडारों की ताड़पत्री प्रतियों में चौदहवीं शताब्दी का गद्य पाया जाता है। संवत् १३३६ के संग्रामसिंह-रचित 'बालशिक्षा' ग्रन्थ में तत्कालीन गद्य के उदाहरण पाये जाते हैं। यह संस्कृत व्याकरण का ग्रन्थ है, जिसमें समझाने के लिए राजस्थानी का प्रयोग किया गया है। पन्द्रहवीं शताब्दी में 'पृथ्वीचन्द चरित' या 'वाग्विलास' नामक विशिष्ट ग्रन्थ मिलता है, जो राजस्थानी गद्यकाव्य का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस गद्य से वर्णनात्मक गद्य शैली की यह परिपक्वता का पता चलता है। इससे पूर्व भी कुछ ऐसे ग्रन्थ बने होंगे, ऐसी संभावना होती है; पर अब वे प्राप्त नहीं हैं। इसके बाद तुकान्त गद्य वाले और वर्णनात्मक विशिष्ट गद्य-ग्रन्थ राजस्थान में निरन्तर बनते रहे हैं, जिनका संक्षिप्त परिचय कराना ही प्रस्तुत लेख का उद्देश्य है। संस्कृत ग्रन्थों में गद्यकाव्य के जो लक्षण दिये हुए हैं, उनमें समय-समय पर रचयिताओं की रुचि के अनुकूल परिवर्तन होता रहा है। राजस्थानी में गद्यकाव्य किसे कहा गया है और इनमें कितने प्रकार हैं, यह जान लेना परमावश्यक है।

राजस्थानी के सुप्रसिद्ध छन्दग्रन्थ 'रघुनाथ रूपक' में प्रसिद्ध छन्दों एवं गीतों के लक्षण एवं उदाहरण देने के पश्चात् गद्य के दो भेद दिये हैं-दवावैत और वचनिका। इन दोनों के भी दो-दो भेद किये गये हैं-दवावैत के शुद्धबन्ध और गद्बन्ध, (गद्यबन्ध) और वचनिका के पदबन्ध और गदबन्ध। यथा--

सवै मंछ कवि ह्वै तिके, दवावैत विध दोय।
एक शुद्धबन्ध होत है, एक गद्बन्ध होय।।

इसकी व्याख्या करते हुए आधुनिक टीकाकार श्रीमहताबचन्द खारैड़ लिखते हैं-"दवावैत कोई छन्द नहीं है, जिसमें मात्राओं, वर्णों अथवा गणों का विचार हो। यह अंत्यानुप्रास रूप गद्य जाल है। अंत्यानुप्रास, मध्यानुप्रास और किसी प्रकार का सानुप्रास या यमक लिया हुआ गद्य का प्रकार है। यह संस्कृत, प्राकृत, फारसी, उर्दू और हिन्दी भाषा में भी अनेक कवियों और ग्रन्थकारों द्वारा प्रयोग में लाया हुआ मालूम देता है। आधुनिक लल्लूजीलाल के 'प्रेमसागर' आदि ग्रन्थों में तथा उर्दू के 'बहारवेखिजा' 'नोवतन' आदि ग्रन्थों में तथा फारसी के ग्रन्थों में देखा जाता है। यह दवावैत दो प्रकार की होती है-एक शुद्धबन्ध अर्थात् पदबन्ध, जिसमें अनुप्रास मिलाया जाता है और दूसरी गद्बन्ध जिसमें अनुप्रास नहीं मिलाते हैं।

पदबन्ध का उदाहरण--

"प्रथम ही अयोध्या नगर जिसका वरणाव,
बारै जोजन तो चौड़े, सोलै जोजनकी धाव,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चोतरफ के फैलाव चौसठ जोजनके फिराव,
तिसके तलै सरिता, सरिजूके घाट,
अत उतावल सूं वहे, चोसर कोसों के पाट।"

गद्बन्ध का उदाहरण--

हाथियों के हलके खंभू गणाते खोले, अरापत के साथी भद्रजाती के टोले। अत देहु के दिग्गज विन्ध्याचल के सुजाव. रंग-रंग चित्रे सुंडा डंडके बणाव। झूल की जलूस वीर घंटू के ठणके, बादलों की जगमगा मेरे मेरे भोरों की भकी भंणकै। कल कदमूं के लंगर भारी कनक की हूंस, जवाहर के जेहर दीपमाला की रूस।

वचनिका के दो प्रकार–

"दोय भेद बचनकारा एक पदबंध दूजी गदबंध, सू पदबंध दोय भेद एक तो बारता दूजी बारता में मोहरा राखणाँ। दोय गदबंध वचनका है-एक तो आठ मात्रारो पद हुवै, दूजी गदबंध में बीस मात्रारो पद हुवै--"

टीकाकार ने इसके विशेष विवरण में लिखा है कि ये वचनिकाएं दवावैत के ही भेद मालूम होते है। इतना-सा भेद मालूम होता है कि वचनिका कुछ लंबी और विस्तृत होती है और 'गद्बंध' में तो कई छन्दों के जोटे अर्थात् युग्म वचनिका रूप में जुड़ते चले जाते हैं।

इसके बाद पद्बन्ध का जो उदाहरण दिया गया है, उपयुक्त नहीं मालूम देता। दूसरे उदाहरण का ही कुछ अंश यहां दिया जाता है--

'तिण सभा में श्रीमुखवाणी, लिखमणजी तारीफ आणी।
आतो साराही जाण पाई, इण बल रावणसू जीतां नै सीता आई॥"

गद्बन्ध वचनिका--

"चक्री विचाल, रघुवर विसाल, जंपे जरूर, सुण भरथ सूर,
हणमंत एह, इण गुण अछेह, सेवा सुसेव किनी कपेस।
वे कहूं बैण, सुण विगत संण, पंचवटी प्रीत रहतां सुरीत,
उण ठाँम आय अवसाँण पाय, आसुर अभीत तिण हरी स...।"

गद्बद्ध वचनिका के दूसरे भेद को सिलोकों की संज्ञा दी है--

"बोले सीतापंत इसडी जी बाँणी, सुरनर नागाँ नै लगै सुहाणी।
संसाजल हणमंत जिम ही सरसाई, बीरां अंबरारी कीधी बढ़ाई।।"

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि संस्कृत गद्यकाव्यों की अपेक्षा राजस्थानी गद्यकाव्य की व्याख्या में अन्तर है। राजस्थानी गद्यकाव्य में तुक मिलाने का ध्यान रखा गया है। हिन्दी में भी कविवर बनारसीदासजी आदि की वचनिका--संगत रचनाएं मिलती हैं, उनमें तुक नहीं मिलती। साधारण गद्य और विवेचनात्मक टीका ही हिन्दी में वचनिका मानी गयी है। राजस्थानी में वह तुकान्त-प्रधान है।[1]

---

१ रघुनाथरूपक में वचनिका और दवावैत के जो भेद बताये गये है उनके नामों में थोड़ा उलट-फेर हो गया है, गद्यबद्ध को पद्यबद्ध और पद्यबद्ध को गद्यबद्ध कह दिया गया है। टीकाकार ने जो टिप्पणियाँ दी हैं वे भी भ्रांतिपूर्ण हैं। शुद्ध विवेचन इस प्रकार है।

वचनिका के दो भेद है-(क) पद्यबद्ध (या पदबद्ध), जिसमें मात्राओं का नियम होता है। इसके दो भेद होते हैं-(१) जिसमें आठ-आठ मात्राओं के तुक-युक्त गद्य-खंड हों, और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दवावैत और वचनिका-संज्ञक रचनाएँ तो राजस्थानी भाषा में भी अधिक नहीं मिलती, अभी तक जिनलाभसूरि और नरसिंहदास गोडकी 'दवावैत' ये दो दवावैतें और अचलदास खींची की वचनिका' और 'रतन महेसदासोतरी वचनिका' ये दो ग्रन्थ ही मुझे ज्ञात है। इनमें से 'रतन महेसदासोतरी वचनिका' एल. पी. तेसीतोरी ने सम्पादित कर के रायल एशियाटिक सोसायटी, बंगाल से प्रकाशित की थी। अन्य तीनों रचनाएँ अप्रकाशित हैं। 'जिनलाभसूरि की दवावैत' की भाषा हिन्दी है। सलोका-संज्ञक छोटे-छोटे देवी-देवताओं की गुण-वर्णनात्मक रचनाएँ पचासों की संख्या में उपलब्ध हैं। राजस्थानी गद्य को कहीं-कहीं वार्ता या वार्तिक संज्ञा भी दी हुई मिलती है। वार्तिक के रूप में 'शिखरवंशोत्पत्ति काव्य' नागरी प्रचारिणी सभा से प्रकाशित हो चुका है। 'केहर प्रकाश' ग्रन्थ में तुकान्त गद्य की संज्ञा वार्ता में पाई जाती है।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, सर्वप्रथम राजस्थानी गद्यकाव्य 'पृथ्वीचन्द चरित्र' है, जिसका अपर नाम 'वाग्विलास' है। इसकी रचना संवत् १४७८ में जैनाचार्य माणिक्यसुन्दर सूरि ने की है। इसमें पृथ्वीचन्द राजा की कथा तो बहुत छोटी-सी है, पर वर्णन का विस्तार अधिक है। ग्रन्थकार ने कोई भी प्रसंग बिना वर्णन या विवरण के खाली नहीं छोड़ा। विवरणात्मक नामों के अतिरिक्त प्रायः सम्पूर्ण ग्रन्थ तुकान्त गद्य में लिखा गया है, जिसे पढ़ते हुए काव्य का सा आनन्द मिलता है। उदाहरणार्थ दो-एक वर्णन यहाँ दिये जा रहे हैं।

मरहट्ठदेश वर्णन–

"जिण देसि गाम अत्यन्त अभिराम। भलां नगर जिहाँ न मागीयइँ कर। दुर्ग, जिस्यां हुई स्वर्ग। धान्य, न नीपजइ सामान्य। आगर, सोना रूपा तणा सागर। जेइ देस माहि नदी वहइं, लोक सुपहं निर्वहइ। इमिउ देस पुण्य तणाउ निवेश गरुअउ प्रदेश। तिणि देसि पहठाणपुर पाटण वर्त्तइं, जिहां अन्याय न वर्त्तइं। जीणइ नगरि कउसीसे करी सदाकार, पाषलि पोढउ प्राकार, उदार प्रतोली द्वार। पाताल भणी धाई, महाकाय षाई, समुद्र जेहनु भाई। जे लिइ कैलास पर्वत सिउं वाद, इस्या सर्वज्ञ देव तणा प्रासाद। करइं उल्लास, लक्षेश्वरी कोटीध्वज तणा आवास आनन्दइं मन, गरुड़ राजभवन। उपारी अषंड सुवर्णमय दंड, ध्वजपट लहलहई प्रचंड।

हिव हूउं प्रभात, फीटी राक्षसनी वात, टलिउ अंधकारव्रात, अदृश्य नक्षत्र पटल, गगन उज्ज्वल, निःशब्द धूक कुल, निर्मल, दिग्मण्डल, आश्रित पूर्वाचल, हूउं रविमंडल, विहसइं कमल, विस्तरइं परिमल, वायु वाइं शीतल, प्रसन्न मनीतल, जिस्यां रातां पारेवा तणा चरण, तिस्यां विस्तरइ सूर्य तणा किरण।

---

(२) जिसमें २०-२० मात्राओं के तुक-युक्त गद्यखंड हों। (ख) गद्यबद्ध–जिसमें मात्राओं का नियम नहीं होता। इसके भी दो भेद होते हैं-(३) वारता * या साधारण गद्य (४) तुक- युक्त गद्य।

दवावैत के भी इसी प्रकार दो भेद होते हैं-(१) पद्यबद्ध (या पदबद्ध)–इसमें २४-२४ मात्राओं के तुक-युक्त गद्य-खंड होते हैं। (२) गद्यबद्ध–इसमें तुक-युक्त गद्य-खंड होते हैं, मात्राओं का नियम नहीं होता।

दवावैत और वचनिका में क्या अन्तर है ? यह अभी तक समझ में नहीं आ पाया है। वचनिका के चतुर्थ भेद और दवावैत के द्वितीय भेद में कोई अन्तर नहीं दीख पड़ता। उपलब्ध दवावैतों की भाषा राजस्थानी से प्रभावित खड़ी बोली हिंदी है जबकि वचनिकाओं की राजस्थानी।

* कहीं-कहीं तुकान्त गद्य के लिये भी वात, वार्ता या वार्तिक नाम का प्रयोग देखा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महोत्सव वर्णन-

"अलंकरिउ प्राकार, शृंगारिया प्रतोली द्वार। मंच प्रति मंच तणी रचना हुई, स्वर्गपुरी तणी शोभा लई। ध्वज पताका लहकई, पुष्प परिमल बहकई। नाचइं पात्र, राजभवनि आवइं अक्षत पात्र। सोमाई भणतां आवइं छात्र, लोक अलंकरई आमरणि गात्र, उत्सव करिवा एहइज वात। तीणि वेलाँ नऊइं कोरण, बांधीयई तोरण, बांधीयई वंदरवाल, उत्सव विशाल। गुल घीउ लाहीयइं, मन ऊमाहीयइं। ईण युक्ति जन्म महोत्सव हुआ।"

इस ग्रन्थ के चार वर्ष बाद ही जिनवर्द्धनगणि ने "तपो गच्छ गुर्वावली" लिखी उसमें भी पद्यानुकारि गद्य विशेष रूप से मिलता है। यहाँ उसका थोड़ा-सा उद्धरण दिया जाता है-

"जिम देव माहि इन्द्र, जिम ज्योतिश्चक्र माहि चन्द्र,
जिम वृक्ष माहि कल्पद्रुम, जिम रक्त वस्तु माहि विद्रुम,
जिम नरेन्द्र माहे राम, जिम रूपवंत माहे काम,
जिम स्त्री माहे रम्भा, जिम वादित्र माहे भंभा,
जिम सती माहि सीता, जिम स्त्री माहि गीता,
जिम साहसीक माहि विक्रमादित्य, जिम ग्रहगण माहि आदित्य,
जिम रत्न माहि चिंतामणि, जिम आभरण माहि चूड़ामणि,
जिम पर्वत माहि मेरु भूधर, जिम गजेन्द्र माहि ऐरावण सिन्धु,
जिम रस माहि घृत, जिम मधुर वस्तु माहि अमृत,
तिम सांप्रति कालि, सकल गच्छन्तरालि,
ज्ञानि विज्ञान तपि जपि शमि दमि संयमि करी अनुच्छ,
ए श्री तपोगच्छ, आचन्द्रार्क जयवंतउ वर्त्तइ।"

इस ग्रन्थ के तीन वर्ष बाद सं. १४८५ में हीरानन्द सूरि द्वारा रचित 'वस्तुपाल तेजपाल रास' में निम्नोक्त प्रकार का गद्य आया है-

इमउ एक श्री शत्रुञ्जय तणउ विचारु महिमा नउ भण्डारु मन्त्रीश्वर मन माहि जाणी उत्सरंग आणी। यात्रा उपरि उद्यम कीधउ, पुण्य प्रसादन नउ मनोरथ सिद्धउ॥ १॥

शिवदास-रचित 'अचलदास खीची की वचनिका' का रचना-काल १५ वीं शताब्दी माना जाता है। उसमें पद्य के साथ-साथ बात रूप गद्य पाया जाता है। यद्यपि यह सर्वत्र तुकान्त नहीं है, फिर भी वचनिका-संज्ञक सबसे प्राचीन रचना यही है। उदाहरण-

"पगि पगि पउलि पउलि हस्तीकी गज-घटा, तीं ऊपरि सात-सात मइ धनक-धर मांवठा। सात-सात ओलि पाइककी वइठी, सात-सात ओलि पाइककी उठी। सेड़ा उडण मुद फरफरी चुहँचकी टाँड टाँड ठरगी इसी एक त्यापट उडि चत्र दिसी पड़ी, निगा वाजि तकइ निनादि घर आकास चड़हड़ी,। बाप बाप हो ? थारा आरम्भ पारम्भ लागि गढ़ लेयण हार, किना बाप बाप हो ? थारा सत तेज अहँकार, राइ दुग राखण हार।"

१६ वीं शताब्दी में लिखित एक विशिष्ट वर्णनात्मक जैन-ग्रन्थ जैसलमेर के 'जैन-भण्डार' मे अपूर्ण प्राप्त हुआ है। उसका नाम हासिये में 'मुत्कलानुप्रास' लिखा हुआ है। उसके कुछ उद्धरण मैंने अपने वर्णनात्मक 'राजस्थानी गद्य ग्रन्थ' शीर्षक लेख में दिये हैं। यहां उसमें से उदाहरणार्थ ग्रीष्म ऋतु का वर्णन दिया जा रहा है-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"महा पित्रुनउ आलउ, आव्यो उन्हालउ ।
लूय वाजइ, कान पापड़ि दाझइ, ।
झाझूआं वलइँ, हेमाचलना शिखर गलइँ,
निवांणे खुटइ नीर,पहिरइ आछा चीर ।
एवडऊ ताप गाढउ, भावइ करवउ टाढउ ।
वाइ बाजइ प्रबल, उडइ धूलिना पटल ।
सीयालइ हुंति मोटी रात्र, ते नान्ही थई रात्रि,
सूर्य आपणा पइ तापइ, जगत्र संतापइ,
जे जीव थल चरइ, तेहि जलासय अनुसरइ",

यह ग्रन्थ वर्णनों का सुन्दर संग्रह-ग्रन्थ है । सम्भवतः इसकी रचना १५ वीं सदी के अन्त या १६ वीं सदी के प्रारम्भ में हुई है । पूर्ण प्रति मिलने पर इसका महत्व और भी बढ़ जायगा ।

१६ वीं शताब्दी की अन्य दो रचनाएँ 'राजस्थानी' भाग २ में प्रकाशित की गई हैं । इनका भी थोड़ा सा उद्धरण नीचे दिया जाता है-

"रायाँ माँहि वडउ राउ श्री सातल, जिणइ मालविया सुरताण तणउ दल, भाँजी कीधउ तल्ल । खुदाई-खुदाई तोब तोब करतउ नाठउ, जातउ गणउ धाठउ माल्हाला हिरण तणी परिश्राठउ । घणी गालइ घाली बंदि छोडावी, रेख रहावी, खाडइ जइत्र अणावी नव कोटो मारुयाड़ि भली माल्हावी । मोटउ साहस कीधउ, वडउ पवाड़उ सीधउ ।

"श्रीकरणराय रिणमल्लानी, तइँ कँपाव्या सेन सुरतानी । तइँ हंस-नइ परि निवेड्या दूध नइ पाणी, मुकाँवी गुरु करि कहाणी ।

"जिणइ ठाकुरि प्रवेसक महोत्सव कराव्या, तणिया तोरण बँधाव्या, बंदरवालि ठाम-ठाम सोहाव्या, व्यवहारिया साम्हा इणि परि वांदिवा आव्या कुणही जो तस्या वहिलइँ कल्होड़ा, कुण ही पल्लाण्या आसण होड़ा, केइ करहि चडी द्यइ दह दिसि द्रोड़ा, केइ मुखि माणइ तंबोल-लवंग-डोड़ा ।

"तिमरी आविया, पइसारा मोटइ मँडाण कराविया, जांगी ढोल झालरि संखि वादित्र, वजाविया । बिहु पासे पटकूल तणा नेजा लहकाविया, पगि-पगि खेला नचाविया, तणिया तोरण बँधाविया । गीत गान कीधा, पून कलस सूहव सिरि दीधा, भला मांगलिक कीधा । घरि-घरि गूडी उछली, श्री सघतणी पूगी रली ।"

१७ वीं शताब्दी के वर्णनात्मक गद्य के दो संग्रहों की प्रतियाँ मिलती हैं, जिनके कुछ उद्धरण अपने अन्य लेख में दे चुका हूँ । वर्णन बड़े सुन्दर हैं । लेख-विस्तार के भय से यहाँ इस शताब्दी की अन्य दो रचनाओं के उद्धरण दे करके ही संतोष करना पड़ता है । पहली रचना 'कुतबद्दीन शहजादे की बात' है । उनकी १७ वीं शताब्दी की लिखित प्रति अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर में उपलब्ध है । हिन्दी गद्य के प्राचीन रूप की जानकारी के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण है ।

कुतबदीन साहिजादैरी वारता—

"आदि-अथ कुतबदीन साहिजादैरी वारता लिख्यते ।'

बडा एक पातिस्याह । जिसका नाम सवल स्याह । गढ़ मांडव थांणा । जिसकै साहिजादा दाना । मौजे दरियाव तीर । जिसकै सहरमें वसै दान समंद फकीर । जिसकी औरत का नाम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मौजूम खातू । सदा बरत का नेम चलातू । जो ही फकीर आवैं । तिसकुं खांणा खुलावै । एक रोज इक दीवान फकीर आया । दावल दाँन घरां न पाया ।

अन्त-बेटे बाप विसराया, भाई बीसा रेह ।

सूरां पुरां गल्लडी, माँगण चीता रेह ॥१०७॥

ऐसा कुतबदीन साहजादा दिल्ली बीच पिरोसाह पातस्याह का साहजादा भया । दांवलदांन फकीर की लड़की साहिबां से आसिक रह्या । बहुत दिनां प्रीत लागी । दुख पीड़ आपदा सह भागी । पीरोसाहि का तखत पाया साहजादा साह कहाया । यह सिफन कुतबदीन साहजादे की पढे, बहुत ही वजन सुख से बढै । यह बात गाहजुग से रहि । ढढीणी ने जोड़ कर कही ।"

दूसरी रचना राजस्थान के सुप्रसिद्ध कवि समयसुन्दर रचित 'भोजन विच्छित्ति' नामक है । 'कल्प-सूत्र' की टीका में, महावीर के जन्म के पश्चात् कुटुम्बीजनों को जो भोजन कराया गया, उसका वर्णन बड़ी छटापूर्ण भाषा में किया गया है । खाद्य पदार्थों का इतना सुन्दर वर्णन पढ कर पाठकों को भी भोजन करने की इच्छा जाग उठेगी । परोसने वाली स्त्री का वर्णन करके खाद्य पदार्थों का वर्णन किया गया है—

"मांडयउ उत्तंग तोरण मांडवउ, तुरत नवउ । बेसवानउ आंगणउ, तेतउ नील रतन तणउ । सखरा मांडया आसण, बैसतां किसी विमासण प्रीसणहारी पइठी । ते केहवी ?—सोल श्रृंगार सज्या, बीजा काम त्यज्या । हाथनी रूड़ी, बिहुं बांहे खलकइ चूड़ी । लघ लाघवी कला, मन कीधा मोकला । चितनी उदार, अति घणी दातार । दउलती हाथ, परमेसर देजे तेहनो साथ । धसमसती आवी, सगलांरइ मन भावी ।

"हिव पकवान आणइ, केहवा वखाणइ—सत्तपुडा खाजा, तुरतना ताजा, सदला नइ साजा, मोटा जाणे प्रासादना छाजा । पछे प्रीस्या लाडू, जाणे नान्हा गाडू । कुण कुण ते नाम, जीमतां मन रहे ठाम । मोतीया लाडू, दालिआ लाडू, सेविया लाडू, कीटीरा लाडू, नांदउलिरा लाडू, तिलना लाडू, मगरिया लाडू, भूगरिया लाडू, सिंह केसरिया लाडू ।"

१८ वीं शताब्दी के सभा-श्रृंगार, कुतुहलम् आदि कई वर्णनात्मक ग्रन्थ मिले हैं, जिनके उद्धरण अपने ग्रन्थ लेख में दे चुका हूं । इस शताब्दी की दो सुन्दर रचनाएँ चारण कवियों की भी प्राप्त हैं, जिनमें से 'खिची गंगेव नीबांवतरो दो-पहरो' और 'राजान राउतरो वात-वणाव' बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रन्थ है । इनका एक एक उदाहरण नीचे दिया जा रहा है । पहली रचना के प्रारम्भ में वर्षा का वर्णन तो बहुत ही सुन्दर है जिसको मैंने 'राजस्थानी साहित्य' में वर्षा वर्णन लेख में दे दिया है । उसे यहां भी दिया जा रहा है ।

"वरखा रितु लागी, विरहणी जागी ।
आभा झर हरैं, बीजां आवास करैं ।
नद्दी ठेबा खावै, समुद्रे न समावै ।
पाहाड़ां पाखर पड़ी, घटा ऊपड़ी ।
मोर सोर मंडै, इन्द्र धार न खंडै ।
आभो गाजै, सांरग वाजै ।
द्वादश मेघनैं दुवो हुदो, सु दुखियारी आंख हुवो ।
झड़ लागो, प्रथीरो दलद्र भागो ।
दादुरा डहिडहै, सावण आणबैरी सिध कहै ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसौ समइयौ वरण रह्यो छै, बरखा मंड. नै रही छै।
बिजली झिलोमिल कर ने रही छै, बादलां झड़ लायी छै।
सेहरां-सेहरां वीज चमक नैं रही छै।
जाणै कुलटा नायक घरसूं नीसर अंग दिखाय दूसरै घर प्रवेस करै छै।
मोर कुहकै छै, डेडरा डहकै छै।
भाखरांरा नाळा बोल नैं रह्या छै।
पाणी नाडा भर नैं रह्या छै, चोटडियाल डहक नै रही छै।
वनसपतीसूं वेलां लपट नै रही छै।
परभातरी पो'र छै। गाज-आवाज हुय नैं रही छै।
जाणैं घटा घणैं हरखसूं जमींसूं मिलण आयी छै।
इसै वखत समइयै में गंगेव नौबावत बोलै छै, मनरी उमंग खोलै छै।
सैलां-सिकारांरो दुवो हुवो छै।

"तठा उपरांति करि नैं राजांन सिलामति हमें आगै वसंत रितरा वणाव बखाणीजै छै, दखिण दिसा मलयाचल पहाड़री पवँन वाजिग्रौ छै। सीत मंद सुगन्ध गति पवँन मतवाला मैंगल ज्यूं परिमल झोला खावतो बहे छै। अढ़ार भार वनसपती मकरंद फूलादिरा रस माँणतौ थको वहै छै। अंबर मोरीजे छै, कूंपला फूटीजै छै। वणराइ मंजरी छै। वासावली फूटि रही छै। केसू फूलि रहिया छै। रितिराज प्रगटियो छै। वसंत आयो छै। भमर मधुकर झंकार करी रहिया छै। मधुरी वाणीरा सुर करि कोकिला बोलि रही छै। बार बगीचां दरखत गुलकारी झिलि फूल रही छै।"

सं० १७८८ के लगभग रतनूं वीरभाण कृत 'राजरूपक' ग्रन्थ राजस्थानी भाषा का एक बृहद् ऐतिहासिक काव्य है, जिसे पंडित रामकरणजी आसोपा ने नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित कराया है। इस ग्रन्थ में कई जगह वार्ता का भी प्रयोग हुआ है। यहां उसका एक उदाहरण दिया जा रहा है। इसमें औरंगजेब का वर्णन है—

"औरंगसा पातसा आसुर अवतार, तपस्याके तेज पुंज एक से विस्तार।
मापका विहाई सा प्रतापका निदांन, मारतंड आगे जिसी जोतसी जिहांन।
जापका पैगंबर आपका दरियाव, तापका सेस ज्वाल दापका फुरराव।
सकसेका जैतवार अकसेका वाई, अरिदल समुद्र आए कुंभज के भाई।
रहणी में जोगेश्वर वहणी में जगदीस, ग्रहणी में सिवनेत्र सहणी में अहीस।
जाके जप तप आगे ईश्वर आधीन, ताकूं छल बांह बल कुण करै हीन।

१८ वीं शताब्दी में ही दवावैत-संज्ञक दो रचनाएं प्राप्त हुए हैं, जिनमें से पहली रचना 'नरसिंहदास गौड़ की दवावैत' भाट मालीदास-रचित है। इसकी प्रति अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में १८ वीं शताब्दी पूर्वार्द्ध की लिखित प्राप्त हुई है। आदि-अन्त के उदाहरण इस प्रकार है—

आदि—"हींदवाण छात हींदवाण सूर, अजमेर जोधपुर मांण पूर, अजबाल बंस अस गांव अरोड़, ढीलड़ी बीच महिपत्यां मोड़।"

अन्त—"रंग छहरते हैं। कपड़े पहरते हैं। तोसक सील्यावता है। हजूरी पावता है। चढ़ते उतरते पाव दे सलाम करांवदे है।
जरबफत पाटता है। अम्बर फटते हैं। सभा विराजती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कीरत राजते हैं। घोड़े फिरते हैं। पायक अड़ते हैं।
गुणी जण राग घटता है। वह वषत वणता है।
सोभा वणती है। श्री दिवाण पधारते हैं। दुसमण को जारते हैं।
देसौं दूर डरते हैं। साहो काम सरते हैं।
कवीसुर बोलते हैं। भरणा षोलते हैं।
कामका सूरत। जेतला दिहाड़ा तेतला प्रवाड़ा।
जग जेठराम नरसिंह जेत. कवि मालीदास कहै दवावेत।

दूसरी दवावेत जैनाचार्य जिनलाभसूरिजी की है जिसे याचक विनयभक्ति (बम्तुपाल) ने १९ वीं सदी के प्रारम्भ में बानायी है। इससे पूर्ववर्ती जैनाचार्य जिनसुखसूरिजी की दवावेत उपाध्याय रामविजय ने संवत् १७७२ में बनायी थी। इसका दूसरा नाम 'मजलस' भी है। दोनों दवावेतों के उद्धरण नीचे दिये जा रहे हैं—

"अहो आवो वे यार बैठो दरबार। ए चांदणी रात, कहौ मजलीसकी बात। कहो कौण कौण, मुलक कौण कौण राजा देषै, कौण कौण पातिस्या देषै कौण कौण दईवांन देषै, कौण कौण महिवान देषै। तो कहै—

दिल्ली दईवांन फररुषसाह सुलतान देषै। चित्तोड़ संग्रामसिंघ दईवान देषै। जोधांण राठौड़ राजा अजीतसिंह देषै। बीकाणराज सूजाणसिंघ देषै। आंबेर कछवाहा राजा जयसिंघ देषै। जेसाण जादव रावल बुधसंघ देषै।

ए कैसे हैं- वडे सु विहान हैं, वडे महिवांन हैं, वडे सिरदार हैं। वडे बूझदार हैं, वडे दातार हैं। जमी आसमान बीच संभू अवतार हैं।

आचार्य श्रीजिनसुखसूरि का वर्णन करते हुए लिखा गया है —

"दुस्मन् दूर है, सब दूनीमें हुक्म मंजूर है। मगरूरांकी मगरूरी दफै करते हैं, छत्र धारीकी सी रीस धरते हैं। बड़े-बड़े छत्रपति गढ़पती देसोत डंडौत करते हैं, चिकारे मुकारे भुंज मरते हैं। (और) भी कैसे हैं— गुनुनके गाहक हैं, गुनुके जान हैं, गुनुके कोट हैं, गुनुके जिहाज हैं विजैजिनराज है। षट्दर्शनके महाराज हैं सब दुनियां बीच जस नगारेकी अवाज है।"

जिनलाभसूरि – दवावेत उपर्युक्त दवावेत से चौगुनी बड़ी है। इसमें कुछ पद्य व गीत भी सम्मलित हैं। यहां वचनिका-संज्ञक गद्य काव्य के भी कुछ उद्धरण दिये जाते हैं।"

'फिरि जिनुका जसका प्रकास मनु हसका सा विलास,
विधु हरजूका हास किधु सरद पुन्युका सा उजास।
फिर जिनु का रूप अति ही अनूप मनु सब रूपवतु का रूप,
जाकु देष्यै चाहै सुरनके भूप कामदेवका सा अवतार।
किधु देवका सा कुमार, तेज पुंज की झलक मनु कोटिन सूरन की जलक।"

उपर्युक्त दोनों दवावेतों में फारसी शब्दों का प्राचुर्य है, क्योंकि इन दोनों की रचना सिन्ध प्रांत में हुई है। पंजाब और सिन्ध की भाषा में उस समय फारसी शब्दों का बाहुल्य था।

२० वीं शताब्दी की रचनाओं में 'शिखर वंशोत्पत्ति' नामक ऐतिहासिक काव्य संवत् १९२६ में कविया गोपाल ने बनाया, जिसे पुरोहित हरिनारायणजी ने सम्पादित कर काशी नागरी प्रचारिणी सभा से प्रकाशित किया है। इसका अपर नाम 'पीढी वार्तिक' भी है। इसका प्रधान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चिह्न वार्ता नामक है, जिसे श्लोक की तरह मात्राओं आदि के प्रतिबन्ध रहित गद्य ही समझिए। उदाहरण इस प्रकार है –

"स्याम ताज कफनी कमंडलमैं नीर।
डाटी सुपेत सेष सुबरण शरीर ।।१४।।
मोकल राव आतो देषि माथाकौं नवायो।
साँई स्यां भुरांनी सेष नामी पंथ पायो।।१५।।
जंगल में चरे छी सो अव्याई झोटी आई।
मोकलका कनांसू सेष चीपीमें दुहाई।।१३।।
बोल्यो दूध पीकै सेष नीकी भांति रैणां।
तेरे पुत्र होगा राव सेषा नाँव कैणां।।१७।।

इसी कवि का अन्य ऐतिहासिक ग्रन्थ 'लावा रासा' है, जो राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, से प्रकाशित हुआ है। उसमें भी दवावेत गद्य-छंद प्रयुक्त हैं। इसकी परवर्ती रचना कविराव बख्तावर के सं० १९३६ में रचित 'केहर प्रकाश' है। यह भी एक ऐतिहासिक काव्य है। बीच-बीच में वार्ता एवं वचनिका विशेष रूप से पाई जाती है। यहां उन दोनों का एक उदाहरण दिया जा रहा है।

जवाहर वेश्या की पुत्री कंवलप्रसण के रूप का वर्णन वार्ता में इस प्रकार किया गया है–

"पुत्री जिणरे कंवलप्रसण रूपरी निधान।
सुकेशियासूं सवाई साव रम्भारे समान।।
साहित्या शृंगार काव्य जबानी पर कहे।
रमाताल परिजंत संगीतमें रहे ।।
वीणांधर सहजांई गावे किण भांत।
तराज पर नहँ आवे नारद वीणारी तांत ।।
जिणने सुण्यां कोकिला मयूर लाज भाग जावे।
कुरंग औ भमंग वन पातालसूं आवे।।"

उसके रूप को देख कर अन्य नारियों ने उसे बाग-बगीचों में जाने का निषेध करते हुए क्या ही सुन्दर कहा है।

"सुघड़ जठे बोली या नवेली सहल सारे ही सिधावज्यो।
पण बाग वन सरोवर कदे भी मत जावज्यो।
जावेला बाग तो पिक शुक अली उड़ जावसी,
ने बिम्बफल श्रीफल अनाड़ सेवां जो सुखावसी,
जावेला जो वन तो खञ्जन कपोत चोष चूरेला।
मणधर मृगराज गजराज बिवर बूरेला।
जावेला सरोवर राज हंस बूड जावसी।
कंवल काला पड़ेला सिवाल अवटावणो आवसी।
रातने या अटारी माथे कदेई जो जावेला।
तो चन्द्रमारे भरोसे राहूसूं खताहीज खावेला।
राहू कदाक न आयो तो चकोर तो आवसी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जावसी न आग माथे चहराने कूंथ जावसी ।
सावण आयां घरे यारे हींदा जिको घालेला ।
हींदिया छै तो परियां धोके परियां खांच जावेला ।

वचनका

कंवल उरवसी आत आतमें कहात ।
परस्थानी परियों सी सहेल्यों ले साथ ।
जरकस वट जेवर झलामल के जोत ।
हेरी जात चारों ओर चानणी सी होत ।।
छुद्रघण्टा बिछियोंका छूटे छण छणाव ।
ज्यों हंसे बच्चोंकी बाणीका बणाव ।
जां झरूका झणकार व्है जोरें पर जोर ।
सावणके मौसम ज्यों झिल्ल्योंका शोर ।
फबणीमें अनुरागमें अगणितके फैल ।
गुम्मजके महल आई मिजाजोंके गैल ।।६३।।"

आधुनिक शैली के गद्यकाव्य की परम्परा भी राजस्थानी भाषा में चालू है। यहां कविवर कन्हैयालालजी सेठीया के गद्यकाव्यों के दो उदाहरण देखिए —

"आसोजरो महीनूं। नान्हींसी'क एक बादली ओसरगी। रेवड़ बालैरो अलगोजी गूंज उठ्यो। रिमझिम-रिमझिम मेवलो बरसै। अतैमें ही अचाणचूको पूनरो एक लहरो आयो अर बादली उड़गी। करड़ी तावड़ो निकल आई। खेतमें निनाण करतो करसो बोल्यो-आसोजांरा तप्या तावड़ा काचा लोहा पिण गलग्या-'मिनखरी जबानमें कठेई पल कोनी'।

बादलवाईरो दिन। मधरो मधरो आथूणुं बायरो चालै। खेजड़ी परां बैठी कमेड़ी बोली—'टमरक टूं'।

नीचै छियांमें सूतो मिनख सोच्यो किस्योक सोवणूं पंखेरू है? अतेमें ही कमेड़ी बींठ करी-सीधी आ'र मिनखरे ऊपरां पड़ी मिनख झुंझला'र बोल्यो—किस्योक बदजात जीव है?"

हिन्दी भाषा में तो राजस्थान के कई विद्वानों ने अनेकों गद्यकाव्य लिखे हैं, जिनमें ठाकुर रामसिंहजी (बीकानेर), भंवरमल सिंघी (जयपुर), दिनेशनन्दिनी डालमिया (उदयपुर), आदि प्रधान हैं। श्रीयुत् कन्हैयालालजी सेठिया का मातृभाषा का प्रेम विशेष उल्लेख योग्य है। हिन्दी के अच्छे कवि होने के साथ इन्होंने राजस्थानी भाषा में भी समय-समय पर बहुत सुन्दर रचनाएं कीं। इनके राजस्थानी के गद्यकाव्यों का संग्रह 'पाखड़ल्यां' के नाम से शीघ्र ही प्रकाशित होने वाला है।

—श्री अगरचन्द नाहटा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कतिपय वर्णनात्मक राजस्थानी गद्य-ग्रन्थ

वाक्-शक्ति मनुष्य को दी हुई प्रकृति की विशेष देन है। वैसे तो नेत्रधारी सभी प्राणी वस्तुओं और घटनाओं को निरंतर देखते ही रहते हैं, पर मनुष्य का देखना उनकी अपेक्षा बहुत महत्व रखता है। देखने के पीछे अनुभव करने की विशेष शक्ति आवश्यक है और वह केवल मानव को ही प्राप्त है। इतर प्राणी उन्हें देख भर लेते हैं, पर जैसा अनुभूतिपूर्ण वर्णन मानव कर सकता है अन्य कोई भी प्राणी नहीं कर सकता। वस्तुओं का ज्ञान कर लेना एक बात है और अपने अनुभव को सुन्दर एवं साकार रूप में दूसरों के समक्ष वाणी द्वारा उपस्थित करना दूसरी बात है। किसी भी बात का वर्णन करते समय श्रोता के सामने उसका चित्र-सा उपस्थित हो जाय-यह वर्णन करने की विशेष कला है। वैसे रसीले व चमत्कारपूर्ण वाक्य लिपिबद्ध हो जाने पर वे साहित्य की संज्ञा पाते हैं।

भारतीय प्राचीन साहित्य में वर्णन करने की विशेष छटा स्थान-स्थान पर देखने को मिलती है। कहीं कहीं तो निरूपण शैली इतनी सजीव होती है कि पढ़ने और सुनने वाले बरबस आकर्षित हो कर मंत्र-मुग्ध से हो जाते हैं। यह वर्णन-शैली कई प्रकार की होती है। किसी में वस्तु के बाह्य रूप की, किसी में भीतरी गुणों की, और किसी में भेद-प्रभेदों के विस्तृत विवरण की प्रधानता होती है। किसी किसी रचना में भाषा का चमत्कार देखते ही बनता है। शब्दों का चयन बड़ा सुन्दर होता है और वर्णन गद्य में लिखे जाने पर भी (तुकान्त होने से) पढ़ने वाले को पद्य का सा आनन्द मिलता है। संस्कृत में गद्य-काव्य में जिस प्रकार लंबे-लंबे समास प्रधान होते हैं उसी प्रकार लोक-भाषा के वर्णनात्मक गद्य-ग्रन्थों में तुकान्त शैली बहुत विस्तृत पाई जाती है। इसमें एक के बाद एक तुकान्त शब्द ऐसे सुन्दर एवं सहज ढंग में सजाये जाते हैं कि मानों मोतियों को चुन चुन कर माला ही पिरो डाली हो। सहृदय पाठक व श्रोता उस तुकान्त शब्दावली और वर्णन-शैली का चमत्कार देख कर आनंद विभोर हो उठते हैं और लेखक के प्रति बरबस उनके मुंह से 'वाह वाह', 'खूब खूब' शब्द फूट निकलते हैं।

प्राचीन जैनागमों का अध्ययन करते समय आज से ढाई हजार वर्ष पूर्व की वर्णन शैली का अच्छा पता चलता है। भेद-प्रभेदों का विवरण देने वाले स्थानांग, समवायांग प्रश्न-व्याकरण आदि आगम तो ज्ञानवर्धक हैं ही, पर उववाई सूत्र जैसा कई ग्रन्थों में वर्णनों की अच्छी बहार है। उववाई सूत्र में चम्पानगरी, पूर्णभद्र चैत्य, वनखंड, अशोक वृक्ष, महाराजा श्रेणिक, के पुत्र अंजसार (कोणिक-अजात शत्रु), धारणी राणी, भगवान् महावीर का आगमन, समवसरण महाराजा कोणिक का वंदनार्थ गमन, श्रमणों की तप साधना आदि का अच्छा वर्णन है। इसी प्रकार अन्य जैनागमों में भी प्रसंगानुरूप अनेक प्रसंगों के सुन्दर वर्णन पाये जाते हैं। जैसे कल्पसूत्र में भगवान् महावीर की माता चौदह स्वप्न देखती है-उनका विस्तार से वर्णन मिलता है इस संबंध में स्वतंत्र लेख द्वारा प्रकाश डाला जायगा अतः लेख-विस्तार भय से यहां उदाहरण नहीं दिये जा रहे हैं।

परवर्ती संस्कृत काव्य आदि ग्रन्थों में प्राचीन वर्णनशैली को और अधिक आगे बढ़ाया गया है। जैसे देश वर्णन, नगर वर्णन, हाट बाजार वर्णन, राजा और राज सभादिक का वर्णन,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फिर राणियों और अन्य नगर की रमणियों के रूप का वर्णन, वनखंड, आराम, उद्यान, महल आदि के वर्णनों के साथ साथ छः ऋतुओं, उत्सवों और क्रीड़ाओं आदि का वर्णन भी कविगण अपने काव्य में अवश्य ही करते हैं। सुकवि वर्णन-योग्य प्रसंगों को कभी खाली हाथ नहीं जाने देते, जिससे काव्य में सजीवता व सरसता आ जाती है और श्रोता एवं अध्येता विविध रसों का पान कर निमग्न हो जाते हैं। पद्य ग्रन्थों की भांति गद्य काव्यों (कादम्बरी, तिलकमंजरी आदि) में भी स्थान-स्थान पर वर्णनों की छटा देखते ही बनती है। कहीं-कहीं तो वर्णन बहुत ही चमत्कारिक एवं कलापूर्ण पाये जाते हैं।

कई ऐसे स्वतंत्र ग्रन्थ भी भारतीय-साहित्य में पाये जाते हैं। जिनका उद्देश्य केवल वर्णन करने का ही होता है। ऋतुसंहार आदि ऐसे ही काव्य हैं। कतिपय ऐसे संग्रह-ग्रन्थ भी उपलब्ध हैं जिनमें भिन्न भिन्न वस्तुओं के वर्णन संग्रहीत मिलते हैं। उनके वर्णनों का उपयोग दूसरे ग्रन्थ प्रणेता अपनी रुचि के अनुकूल घटा बढ़ा कर स्वरचित ग्रन्थों में कर लेते हैं। कथा-चरित्र आदि ग्रन्थों में स्थान-स्थान पर ऐसे सजीव वर्णन जुड़ जाने से उसकी शोभा बहुत अधिक बढ़ जाती है[1]।

